वी.यू.–मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी की अभिप्रेरणा से मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में विचार संगोष्ठी एवम तात्कालिक भाषण का अयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय में विभिन्न वर्षों से अध्ययनरत छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया, इस वर्ष की थीम विकसित युवा विकसित भारत पर छात्रों ने स्वतंत्र चर्चा की, कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों छात्रों ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय अभिलाष गौतम, प्रभात कुमार प्रजापति एवं अलशिफा खान ने प्राप्त किया, कार्यक्रम का अयोजन डॉ. सोना दुबे प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. जी.पी. लखानी कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीती मिश्रा, शिवानी पाठक, प्रियंका गौतम सहित महाविद्यालय कर्मचारी समवर्ग में अर्चना शर्मा, बीरबल कुलस्ते, लक्ष्मी कोरी, इमरान खान की उपस्थिती रही, आभार अनिल केवट, एवम मंच संचालन प्रतीक कुमार तिवारी ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.विविजबलपुर